
# ब्रांडेड कपड़ा कारोबार में पतंजलि

अर्णव दत्ता
नई दिल्ली, 5 नवंबर



**योग गुरु** रामदेव की पहल पर शुरू हुए पतंजलि समूह ने तेजी से बढ़ रहे ब्रांडेड कपड़ों के क्षेत्र में आज कदम रखा। इन कपड़ों की बिक्री समूह के घरेलू ब्रांड परिधान के तहत की जाएगी। कंपनी ने आज राजधानी में ब्रांडेड कपड़ों के पहले आउटलेट का उद्घाटन किया। कंपनी का लक्ष्य मार्च 2020 तक देश भर में 500 दुकानें खोलने और इसे 1000 करोड़ रुपये का कारोबार बनाने का है।

यह पहल योजना बनाने के कई बर्ष जमीन पर उतप पाया है। कंपनी ने 2015 के अंत में यह घोषणा कि थी कि वह 2016 के मध्य में अपने परिधान कारोबार में उतर जाएगी, लेकिन स्रोतों से साझेदारी के अभाव से देरी हुई। हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि 2016 के अंत में बड़े नोटों को बंद करने और उसके बाद वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) को लागू करने से 2017 के मध्य में उसका कारोबार भी प्रभावित हुआ जिससे इस कारोबार को शुरू करने में और देरी हुई। रामदेव के मुताबिक अगले साल मार्च तक पतंजलि के पास इसके सुपरिचित फ्रेंचाइज मॉडल के तहत 100 दुकानें होंगी। समूह की अग्रणी कंपनी पतंजलि आयुर्वेद ने विगत 10 साल में 10,000 दुकानों का मजबूत फ्रेंचाइज नेटवर्क तैयार किया है। समूह को अपने 120 अरब रुपये के राजस्व में से 70 फीसदी पतंजलि चिकित्सालय, आरोग्य केंद्र और मेगा स्टोर्स जैसे ब्रांडेड आउटलेट से मिलता है।

रामदेव ने कहा, 'परिधान कपड़े अगले साल से ऑनलाइन भी उपलब्ध होंगे। हम इस पर काम कर रहे हैं।' परिधान ब्रांड के तहत कंपनी ने इस पोर्टफोलियो को तीन भागों में बांटा है- लिवफिट, आस्था और संस्कार। इसके जरिये सभी आयु वर्ग के ग्राहकों को आकर्षित करने का प्रयास किया जाएगा। संस्कार पुरुष वर्ग के लिए है तो आस्था महिला ब्रांड है और लिवफिट में स्पॉर्ट्स वियर और योगा के पोशाक होंगे। रामदेव ने कहा, 'हमारा लक्ष्य एडिडास और प्यूमा जैसी बहुराष्ट्रीय कंपनियों से प्रतिस्पर्धा करना है। हमारे उत्पाद 40 फीसदी तक सस्ते होंगे।' पिछले एक साल के दौरान पतंजलि ने टूथपेस्ट, शैम्पू और ब्रांडेड घी के तेजी से बिकने वाली उपभोक्ता वस्तुओं के मुख्य कारोबार से इतर कई अलग-अलग खंडों में कदम बढ़ाया है।

# एमएसएमई के लिए 90 अरब रु. आवंटित

## सरकार का अनुमान है कि ब्याज रियायत योजनाओं पर 27 अरब रुपये का खर्च आएगा

सोमेश झा
नई दिल्ली, 5 नवंबर

### एमएसएमई को महज 59 मिनट में ऋण की मंजूरी



- प्रधानमंत्री ने एमएसएमई को कर्ज की मंजूरी के लिए शुक्रवार को वेब पोर्टल किया था शुरू
- प्लेटफॉर्म से ऋण की मंजूरी में लगने वाला समय 20-25 दिन से घटकर 59 मिनट हुआ
- मंजूरी के बाद 7-8 दिन में ऋण मिलेगा
- कर्ज मंजूरी या वितरण में मानव दखल नहीं
- 10 लाख से एक करोड़ रुपये तक ऋण मिलेगा
- कर्ज की मंजूरी के लिए भौतिक दस्तावेज जमा कराने की नहीं जरूरत
- एमएसएमई कंपनियों को आवेदन शुल्क के रूप में 1,000 रुपये का करना होगा भुगतान

सरकार ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग संपर्क एवं समर्थन कार्यक्रम के लिए 90 अरब रुपये आवंटित किए हैं। इस कार्यक्रम की घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को की थी। वित्त मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक सरकार का अनुमान है कि ब्याज रियायत योजनाओं पर 27 अरब रुपये का खर्च आएगा।

प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम की घोषणा के दौरान कहा था कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में पंजीकृत लघु एवं मझोली कंपनियों को 1 करोड़ रुपये तक के नए और अतिरिक्त ऋणों पर ब्याज में 2 फीसदी की रियायत दी जाएगी। सरकार ने योजना के लिए 11 अरब रुपये आवंटित किए हैं। निर्यातकों के लिए निर्यात से पहले और बाद की अवधि में लिए गए ऋणों पर ब्याज में रियायत 3 फीसदी से बढ़ाकर 5 फीसदी की गई है। सरकार का अनुमान है कि इस पर करीब 16 अरब रुपये का खर्च आएगा। मोदी ने एमएसएमई की तकनीकी आधुनिकता के लिए 20 हब और 100 टूल रूम बनाने की खातिर 60 अरब रुपये के पैकेज की घोषणा की। मोदी ने शुक्रवार को 100 दिन के संपर्क एवं समर्थन कार्यक्रम के तहत लघु एवं मझोली कंपनियों के लिए 12 सूत्री पैकेज की घोषणा की। इसका मकसद इन कंपनियों को कर्ज उपलब्ध करान, उनकी नकदी आवक बढ़ाना और उनके लिए उदार कारोबारी माहौल तैयार करना है। एमएसएमई के लिए सीबीआईसी ने एक फीडबैक ऐंड एक्शन रूम तैयार किया है ताकि जीएसटी हेल्पडेस्क का काम सुचारु रूप से संचालित हो सके। फीडबैक ऐंड एक्शन रूम में कुछ ऐसे अधिकारी मौजूद रहेंगे, जो लघु एवं मझोली कंपनियों की सभी शिकायतें दर्ज करेंगे और उनका समाधान मुहैया कराएंगे।

देश के विभिन्न हिस्सों में इस कार्यक्रम के तहत 80 एमएसएमई क्लस्टर आएंगे। सरकार ने प्रत्येक क्लस्टर के लिए अतिरिक्त एवं संयुक्त सचिव स्तर पर नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की है। नोडल अधिकारियों के अलावा जिला स्तर पर कार्यक्रम के क्रियान्वयन में उद्योग संगठन, निर्यात संवर्धन परिषद, वरिष्ठ बैंकर, सार्वजनिक क्षेत्र की केंद्रीय इकाइयां और विभिन्न प्रमाणन प्राधिकरण भागीदार होंगे।

संपर्क कार्यक्रम के लिए जिन जिलों को चुना गया है, उनमें उत्तर प्रदेश के 9 जिले, महाराष्ट्र के 7, गुजरात के 6, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक के पांच जिले और हरियाणा के 5 जिले शामिल हैं। सरकार ने एक अधिसूचना भी जारी की है। इसमें एमएसएमई से माल एवं सेवाएं खरीदने वाली सभी कंपनियों को निर्देश दिया गया है कि वे कंपनी मामलों के मंत्रालय को छमाही रिटर्न जमा कराना होगा। इसमें लघु एवं मझोली कंपनियों को भुगतान में 45 दिन से अधिक देरी की वजह बतानी होगी। इस रिटर्न में कंपनियों को बताना होगा कि उन पर एमएसएमई का कितना भुगतान बकाया है और इसमें देरी क्यों हुई।

**COMPETENT AUTOMOBILES CO. LTD.**
Regd. Off: Competent House, F-14, Connaught Place, New Delhi-110001
CIN : L34102DL1985PLC020668 Ph: 011 - 45700000
Email: cs@competent-maruti.com
Web.: www.competent-maruti.com

**NOTICE**

NOTICE is herby given that pursuant to Regulation 29, 33, 47 and any other regulation, if applicable, of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosures Requirements) Regulations, 2015 ("Listing Regulation, 2015"), a meeting of the Board of Directors of the Company will be held on Wednesday, 14 November, 2018 at New Delhi to, inter-alia, consider and approve Unaudited Financial Results of the Company for the Quarter & half year ended on 30th September, 2018
For **COMPETENT AUTOMOBILES CO. LTD.**
Sd/-
Ravi Arora
Company Secretary
Place: New Delhi
Date : 03.11.2018

**आईटीएल फिनलीज एंड सिक्योरिटीज लिमिटेड**
पंजी. कार्या.: बी–08, जीडी–आईटीएल टावर, ऊपरी मंजिल नेताजी सुभाष प्लेस, पीतमपुरा, दिल्ली–110034
टेली. 011-27352981-84, Fax-27352985
CIN : L65910DL1991PLC045090
ई–मेल: csitlfinlease@gmail.com
वेबसाइट: www.itlfinlease.com

**सूचना**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक 30 सितंबर 2018 को समाप्त तिमाही व छमाही के लिए कंपनी के अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार, अनुमोदन के साथ–साथ रिकॉर्ड में लेने के लिए पंजीकृत कार्यालय बी–08, जीडी–आईटीएल टावर, टॉप फ्लोर, नेताजी सुभाष प्लेस, पीतमपुरा, दिल्ली–110034 में मंगलवार, 13 नवंबर, 2018 को शाम 4.00 बजे आयोजित किया जाना निर्धारित है। यह सूचना कंपनी की वेबसाइट www.itlfinlease.com और एमएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.msei.in पर भी उपलब्ध है।
**आईटीएल फिनलीज एंड सिक्योरिटीज लिमिटेड हेतु**
हस्ता./- बी.एल.गुप्ता
(निदेशक) DIN : 00143031
दिनांक: 06 नवंबर, 2018
स्थान: नई दिल्ली

**पी जी इंडस्ट्रीज लिमिटेड**
पंजी. कार्या.: ए–30, एस–11, दूसरा तल, कैलाश कालोनी, नई दिल्ली–110048 वेबसाइट: www.pgil.com; ई–मेल: pgindustryltd@gmail.com
सीआईएन–L74899DL1993PLC056421

**सूचना**

सेबी (सूचीयन प्रतिबद्धताएँ और प्रकटन आवश्यकताएँ) नियमावली, 2015 के नियम 47(1)(ए) के साथ पठित नियम 29 के अनुसार एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक संख्या 08/2018–19 कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में बुधवार, 14 नवंबर, 2018 को सायं 05:30 बजे आयोजित की जायेगी जिसमें 30 सितंबर, 2018 को समाप्त तिमाही के लिए अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का अनुमोदन किया जायेगा। अप्रकाशित मूल्य संवेदी सूचना के निष्पक्ष प्रकटन हेतु कार्यप्रणाली और प्रक्रियाओं की संहिता के प्रावधानों और नियमन, निगरानी एवं अनाधिकृत व्यक्तियों द्वारा ट्रेडिंग रिपोर्ट की आचार संहिता के अनुसार ट्रेडिंग विंडो अधिकृत व्यक्ति के लिए 06 नवंबर, 2018 से 16 नवंबर, 2018 (दोनों दिन शामिल) तक बंद रहेंगे। यह सूचना कंपनी की वेबसाइट और स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com पर भी उपलब्ध है।
*हिते* **पी जी इंडस्ट्रीज लिमिटेड**
हस्ता./–
स्थान : नई दिल्ली
साकेत डालमिया
दिनांक: 06.11.2018 प्रबंध निदेशक (डीआईएन–00083636)

**श्री कृष्णा पेपर मिल्स एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड**
CIN - L21012DL1972PLC279773
पंजी. कार्या. : 4830/24, प्रहलाद स्ट्रीट, अंसारी रोड, दरिया गंज, नई दिल्ली – 110002
ई–मेल: info@skpmil.com, वेबसाइट: www.skpmil.com
टेली.: 91–11–23261728 फैक्स: 91–11–23266708

**सूचना**

सेबी (सूचीबद्ध दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के नियम 47 के साथ पठित नियम 29 के अनुपालन में, एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक 30 सितंबर, 2018 को समाप्त तिमाही व छमाही के लिए अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार करने, अनुमोदन के साथ–साथ रिकॉर्ड में लेने के लिए सोमवार, 14 नवंबर, 2018 को इसके पंजीकृत कार्यालय 4830/24, प्रहलाद स्ट्रीट, अंसारी रोड, दरिया गंज, नई दिल्ली–110002 में आयोजित की जाएगी। यह सूचना कंपनी की वेबसाइट www.skpmil.com पर भी उपलब्ध है व स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट, www.bseindia.com पर बीएसई लिमिटेड से भी प्राप्त की जा सकती है।
बोर्ड के आदेशानुसार
**श्री कृष्णा पेपर मिल्स एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड**
हस्ता./–
**(सोनम कत्याल)**
कंपनी सचिव
स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 05.11.2018

**OSWAL OVERSEAS LIMITED**
**CIN No.** - L74899DL1984PLC018268
**Regd. Office:** 72, Ground Floor, Taimoor Nagar New Delhi - 110025
**Ph. No. :** 011-26332465, **Fax No.:** 011-26322664
**E-mail:** cs@oswaloverseasltd.com
**Website:** www.oswaloverseasltd.com

**NOTICE**

Notice is hereby given pursuant to regulations 29 read with regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 that a meeting of the Board of Directors of Oswal Overseas Limited is scheduled to be held on Wednesday, 14th November, 2018 at 01:30 p.m. at registered office of the company to consider, approve and take on record, among other things, the Unaudited Financial Results for quarter ended on 30th September, 2018.
The notice shall also be available at website of the company i.e. www.oswaloverseasltd.com and that of the Stock Exchange, BSE i.e. www.bseindia.com.
**For OSWAL OVERSEAS LIMITED**
Sd/-
Lalit Kumar
Company Secretary
Place : New Delhi
Date : 2nd November, 2018

**जगसनपाल फर्मासिटिकल्स लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालय : टी-210 जे, शहपुर जाट, नई दिल्ली- 110 049
दूरभाष : 011-46181100 & 46109900, फैक्स : 01126493841
वेबसाइट:www.jagsonpal.com, ई–मेल:cs@jagsonpal.com
CIN: L74899DL1978PLC009181

**सूचना**

सेबी (सूची दायत्वों एवं प्रकटीकरण आवश्यकताओं) विनियम, 2015 के विनियम 29 साथ में पठित विनियम 47 के अनुसरण में हम एतद्द्वारा सूचना प्रदान करते हैं कि कम्पनी के 30 सितम्बर, 2018 को समाप्त तिमाही को समाप्त वित्तीय वर्ष के अनअंकेक्षित वित्तीय (एकीकृत) परिणामों पर अन्य तथ्यों कि साथ विचार एवं अनुमोदन एवं सामान्य मामलों पर चर्चा हेतु निदेशक मंडल की बैठक बुधवार, 14 नवम्बर, 2018 को आयोजित करनी तय की गई है।

पुनः, यह सूचित किया जाता है कि सेबी के अनुसार तैयार अंदरूनी सूत्रों द्वारा विनियमित, निगरानी और रिपोर्टिंग के कम्पनी की आन्तरिक प्रक्रियाओं एवं आचरण संहिता (अंदरूनी व्यापार का निषेध) नियमन, 2015 के अनुसार कम्पनी की प्रतिभूतियों के लेन देन के लिए कम्पनी की व्यवहारी विंडो सोमवार, 05 नवम्बर, 2018 से शुक्रवार, 16 नवम्बर, 2018 तक (दोनों दिवस शामिल कर) बंद रहेगी।

यह सूचना कम्पनी की वेबसाइट www.jagsonpal.com एवं बीएसई एवं एनएसई की वेबसाइट जहाँ पर कम्पनी के शेयर्स सूचीबद्ध हैं, पर भी उपलब्ध है।
कृते **जगसनपाल फर्मासिटिकल्स लिमिटेड**
**हस्ता०/–**
**(आर० के० कपूर)**
**कम्पनी सचिव**
**सदस्यता संख्या : एफ2219**
स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 05/11/2018

**SHARP COMMERCIAL ENTERPRISES LTD**
**CIN: L52110DL1984PLC019616**
**Registered Office :**D-50E, 2ND FLOOR, CHATTARPURENCLAVE,PHASE-1, New Delhi 110074

**NOTICE**

Pursuant to Regulation 29 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirement) Regulations, 2015. Notice is hereby given that a meeting of the Board of Directors of the Company will be held on November 14, 2018 to consider, approve and take on record Un-Audited Financial Results of the Company for the quarterly and half yearly ended September 30, 2018.
**For Sharp Commercial Enterprises Limited**
**Sd/-**
**Vinita Vivek Vij**
**Director**
**DIN: 03533077**
Dated: November 5, 2018
Place: Delhi

**PNB GILTS LTD**
**पीएनबी गिल्ट्स लिमि.**
**CIN : L74899DL1996PLC077120**
**पंजीकृत कार्यालय : 5, संसद मार्ग, नई दिल्ली–110001**
**फोन : 011–23325759, 23325779, फैक्स : 011–23730537, 23325751**
**ई–मेल : pnbgilts@pnbgilts.com, वेबसाइट : www.pnbgilts.com**

**सूचना**

सेबी (लिस्टिंग दायित्वों और प्रकटीकरण आवश्यकताओं) विनियम, 2015 के विनियम 29 और 47 के अनुसरण में, एतत् द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी के निदेशक मण्डल की बैठक शनिवार 17 नवम्बर 2018, को होगी, जिसमें अन्य विषयों के साथ–साथ कम्पनी के 30 सितम्बर 2018 को समाप्त तिमाही / छमाही के अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार कर अनुमोदित किया जाएगा।

सेबी (इनसाइडर ट्रेडिंग का प्रतिषेध) विनियम, 2015 के अनुसार तैयार की गई कंपनी की आचार संहिता के अनुसरण में यह सूचित किया जाता है कि कंपनी की ट्रेडिंग विंडो उक्त संहिता में निर्दिष्ट नामित व्यक्तियों के लिए, कंपनी के शेयरों में डीलिंग के लिए 6 नवम्बर 2018 से 19 नवम्बर 2018 (दोनों दिन शामिल) के लिए बंद रहेगी।

इस सूचना में दी गई जानकारी कम्पनी की वेबसाइट www.pnbgilts.com और बीएसई की वेबसाइट www.bseindia.com और www.nseindia.com एनएसई की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।
**बोर्ड के आदेशानुसार**
**कृते पीएनबी गिल्ट्स लिमिटेड**
**हस्ता0/–**
**(मोनिका कोचर)**
**कम्पनी सचिव**
**स्थान : नई दिल्ली**
**दिनांक : 05.11.2018**

पंजीकृत कार्यालय: एसएफ 16–17, प्रथम तल, मडामे भीकाजी कामा भवन, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली–66
ईमेल: investorservices@chddevelopers.com
वेबसाइट: www.chddevelopers.com
CIN-L74899DL1990PLC041188
फोन: +91-11-40100100, फैक्स: +91-11-40100190

**सूचना**

सेबी (लिस्टिंग दायित्वों और प्रकटीकरण आवश्यकताओं) विनियम, 2015 के विनियम 29 विनियम 47 के साथ पठित अनुपालन में एततद्वारा सूचना दी जाती है कि कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक बुद्धवार, 14 नवम्बर, 2018 को अप: 02:00 बजे पंजीकृत कार्यालय मे होगी, जिसमें कम्पनी के 30 सितम्बर 2018 को समाप्त तिमाही के अंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार कर अनुमोदित किया जाएगा।
इस सूचना में दी गई जानकारी कम्पनी की वेबसाइट www.chddevelopers.com और बीएसई की वेबसाइट www.bseindia.com पर भी उपलब्ध है।
बोर्ड के आदेशानुसार
कृते सीएचडी डेवलपर्स लिमिटेड
हस्ता/–
राजेन्द्र कुमार मित्तल
(चेयरमैन)
दिनांक: 05 नवम्बर, 2018
स्थान: नई दिल्ली

**पंजाब नैशनल बैंक** ...भरोसे का प्रतीक ! **punjab national bank** ...the name you can BANK upon !

**प्र.का: मुद्रण एवं लेखन सामग्री विभाग**
**सी- 13, सैक्टर -1, नोएडा (उ.प्र.)-201 301**

**वर्ष 2019 के लिए वैयक्तिकृत टेबल कैलेंडर्स की खरीद हेतु निविदा सूचना**

पंजाब नैशनल बैंक द्वारा **वर्ष 2019** के लिए 18 सेमी. x 22 सेमी. आकार के **22,000 वैयक्तिकृत टेबल कैलेंडर्स** की खरीद हेतु राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली स्थित ऐसे उच्च गुणवत्ता वाले डिजिटल मुद्रकों/कैलेंडर विनिर्माताओं से ई–निविदाएं आमंत्रित करता है, जो निविदा दस्तावेज में बैंक द्वारा निर्दिष्ट पात्रता मानदंड को पूरा करते हों। इच्छुक निविदाकर्ता सम्पूर्ण विवरण के लिए कृपया निविदा दस्तावेज का संदर्भ लें।

**चयनित मुद्रक/विनिर्माता वैयक्तिकृत टेबल कैलेंडर्स के निर्माण के लिए निर्दिष्ट पेपर तथा अन्य कच्चा माल अपने स्टॉक से प्रयुक्त करेंगे।**

सम्पूर्ण निविदा दस्तावेज व्यक्तिगत रूप से **06.11.2018** से हमारे कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में बैंक कारोबार के समय में प्राप्त किया जा सकता है या इसे बैंक की ई–खरीद पोर्टल **(https://pnbindia.biz)** और बैंक की वेबसाइट **(www.pnbindia.in)** से भी डाउनलोड किया जा सकता है। **निविदा दस्तावेज को निविदा शुल्क रू.1,180/–** (केवल एक हजार एक सौ अस्सी रुपये) (अप्रतिदेय) के साथ जमा करवाना है जो कि मुख्य प्रबंधक, पंजाब नैशनल बैंक, मुद्रण एवं लेखन सामग्री विभाग, नोएडा, खाता.............. (फर्म का नाम) के पक्ष में क्रास डिमांड ड्राफ्ट के रूप में देय होगा।

बैंक की ई–खरीद पोर्टल के माध्यम से ई–निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय **26.11.2018, 02:00 बजे** तक है।
**मुख्य प्रबंधक**

**REGAL ENTERPRISES LIMITED**
**CIN: L18101DL1989PLC269075**
**Registered Office:**D-50E, 2ND FLOOR, CHATTARPUR ENCLAVE, PHASE-1 New Delhi 110074


**NOTICE**

Pursuant to Regulation 29 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirement) Regulations, 2015. Notice is hereby given that a meeting of the Board of Directors of the Company will be held on November 15, 2018 to consider, approve and take on record Un- Audited Financial Results of the Company for the Quarterly and half yearly ended 30, 2018.
**For Regal Enterprises Limited**
**Sd/-**
**Abhishek Sharma**
**Director & Compliance Officer**
**DIN: 03533071**
Dated: November 5, 2018
Place: Delhi

# कोल इंडिया ने बदली कोयला बिक्री नीति

अभिषेक रक्षित
कोलकाता, 5 नवंबर

### बदलाव की राह पर कोल इंडिया



- ग्राहकों को कोयला खदान चुनने की मंजूरी
- ज्यादा से ज्यादा ग्राहकों को जोड़ना है मकसद
- पहले कंपनी खुद आपूर्ति मात्रा और कोयला खदान का करती थी फैसला

**कोल इंडिया** ने अपनी नीति में बदलाव किया है। अब कंपनी अपने ग्राहकों को कितनी भी मात्रा में और किसी भी खदान से कोयला खरीदने की मंजूरी देगी। पहले यह फैसला कोल इंडिया ही करती थी कि ग्राहक को कितनी मात्रा में और किस खदान से कोयले की आपूर्ति करनी है। कंपनी का मकसद सभी क्षेत्रों के ज्यादा से ज्यादा ग्राहक हासिल करना और उन्हें बेहतर अनुभव मुहैया कराना है।

यह नीति बिजली और सीमेंट, इस्पात जैसे अन्य क्षेत्रों के ग्राहकों पर लागू होगी। ये ग्राहक उतनी मात्रा में कोयला किसी भी खदान से खरीद सकते हैं, जिसके लिए उन्होंने करार किया है। कोयले की गुणवत्ता और उनके प्रकार जैसे कोकिंग, बिटुमिन और अन्य हर जगह अलग-अलग होते हैं, इसलिए ग्राहक अपनी जरूरत की किस्म का कोयला खरीदना चाहते हैं। उदाहरण के लिए बिजली क्षेत्र कम सल्फर और कम राख वाले नॉन-कोकिंग कोयले की मांग करता है, जबकि सीमेंट क्षेत्र सल्फर की उचित मात्रा वाला कोयला खरीदना चाहता है। इस्पात उद्योग में कोकिंग कोल की मांग होती है।

कोल इंडिया ने वर्ष 2011 में 'खदान के हिसाब से कोयला आपूर्ति' की नीति तैयार की थी। इसमें ग्राहक को अपनी पसंद की खदान से कोयले की सुनिश्चित आपूर्ति मिलती है, जिससे उनकी लॉजिस्टिक लागत भी घटी है। हालांकि अब तक यह नीति कम से कम 10 लाख टन सालाना मांग वाले ग्राहकों के लिए थी। इसके अलावा जिस खदान से कोयला खरीदा जाना है, उसका सालाना उत्पादन 25 लाख टन होना जरूरी था। हालांकि अब कोल इंडिया के बोर्ड ने यह नीति बदली है ताकि ज्यादा से ज्यादा ग्राहक जोड़े जा सकें। कोल इंडिया के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'ग्राहक की न्यूनतम सालाना खरीद की अनिवार्यता को 10 लाख टन से घटाकर 2.5 लाख टन कर दिया गया है। इसके अलावा नीति में शामिल खदानों की संख्या को बढ़ाया गया है। अब ग्राहक अपनी पसंद की उस खदान से कोयले की आपूर्ति की मांग कर सकते हैं, जिसकी सालाना उत्पादन क्षमता 10 लाख टन है।'

कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक, 'इससे उन ग्राहकों को लाभ मिलेगा, जिन्हें कम मात्रा में कोयला खरीदने की जरूरत होती है। ये बदलाव बाजार के समीकरणों और ग्राहकों एवं खदानों के प्रोफाइल को ध्यान में रखते हुए किए गए हैं।'

कोल इंडिया के कार्याधिकारियों का मानना है कि इस नीति से बिक्री बढ़ाने में मदद मिलेगी। ग्राहक ऐसे स्रोत से कोयले की खरीद को तरजीह देंगे, जहां से लगातार अच्छी किस्म और गुणवत्ता का कोयला मिलता है। इस ढील से बिक्री को बढ़ाने और उन नए ग्राहकों को जोड़ने में मदद मिलेगी, जिन्हें बड़ी मात्रा में कोयला खरीदने की जरूरत नहीं है। इस बदलाव से पहले नीति का सबसे ज्यादा फायदा बिजली कंपनियां ही उठा रही थीं। हालांकि यह नीति बिजली क्षेत्र से इतर ग्राहकों के लिए भी उपलब्ध थी। बिजली क्षेत्र ही कोल इंडिया का सबसे बड़ा ग्राहक है। कोल इंडिया के एक अन्य अधिकारी ने कहा, 'ग्राहकों का प्रोफाइल क्षेत्र के हिसाब से बदल जाता है। कुछ जगहों, विशेष रूप से मध्य भारत में बड़ी बिजली उत्पादक कंपनियां और मझोली सीमेंट कंपनियां प्रमुख खरीदार हैं। वहीं पूर्व क्षेत्र में इस्पात कंपनियों से कोकिंग कोयले की भारी मांग आती है। इसके अलावा ईंट-भट्ठा जैसी छोटी कंपनियों से भी कोयले की मांग निकलती है।'

# प्रतिबंधों को ईरान देगा चुनौती

**ईरान** अपने ऊपर अमेरिका की तरफ से फिर से लगाए गए प्रतिबंधों को चुनौती देगा। अमेरिका ने ईरान के मिसाइल और परमाणु कार्यक्रम को रोकने और पश्चिम एशिया में उसके प्रभाव को कम करने के लिए प्रतिबंध लगाए हैं, जिन्हें ईरान ने 'आर्थिक युद्ध' मानने से इनकार किया है।

ईरान के विदेश मंत्री मोहम्मद जावेद जारिफ ने कहा कि अमेरिका तेल एवं बैंकिंग प्रतिबंधों के जरिये ईरान को डराना चाहता है, लेकिन इन पहलों से खुद अमेरिका ही अलग-थलग पड़ गया है। जारिफ का इशारा अन्य वैश्विक शक्तियों के अमेरिका की इस पहल का समर्थन न करने की तरफ था।

अमेरिका ने ईरान पर ये प्रतिबंध दोबारा लगाए हैं। पहली बार लगाए गए प्रतिबंधों को 2015 में परमाणु समझौते के तहत हटा दिया गया था। नए सिरे से लगाए गए प्रतिबंधों में ईरान के तेल, जहाजरानी, बीमा और बैंकिंग क्षेत्र की 300 कंपनियों को शामिल किया गया है। अमेरिका का मकसद ईरान की पेट्रोलियम आमदनी को घटाना है, जो उसकी अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार है।

यूरोपीय शक्तियां परमाणु सौदे का लगातार समर्थन कर रही हैं और उन्होंने फिर से प्रतिबंध लगाए जाने का विरोध किया है। *रॉयटर्स*

# ब्लैकलिस्ट करना नहीं समाधान : एनएचएआई

पृष्ठ 1 का शेष

**क्रिसिल** इन्फ्रास्ट्रक्चर एडवाइजरी के निदेशक जगननारायण पद्मनाभन कहते हैं, 'प्रदर्शन-आधारित भागीदारी से इस क्षेत्र के बोलीकर्ताओं में निश्चित रूप से अनुशासन आएगा। वे पुरानी परियोजनाओं को जल्द पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे और उन्हें लटकाकर नहीं रखेंगे। हालांकि देरी की वजह केवल निर्माण फर्म के ही नियंत्रण में न होने पर इसका विपरीत असर भी हो सकता है। इन चिंताओं को भी ध्यान में रखते हुए समुचित प्रावधान किए जाने चाहिए।' सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की निर्माण इकाई एनएचएआई लेटलतीफी करने वाली कंपनियों को सीधे काली सूची में डालने या उन्हें नई निविदाओं में बोली के अयोग्य घोषित करने के बजाय यह सुनिश्चित करेगा कि वे पुरानी परियोजनाएं पूरी करने या खास मुकाम तक पहुंचने के बाद ही नई बोली लगाएं। एनएचएआई के एक अधिकारी ने कहा कि ब्लैकलिस्ट करना समस्या का समाधान नहीं है क्योंकि इससे प्रतिस्पर्द्धा को भी चोट पहुंचती है। एनएचएआई ने पिछले साल नवंबर में 20 कंपनियों के प्रोजेक्ट निरस्त करने की धमकी दी थी। समय पर निर्माण पूरा नहीं होने से ये परियोजनाएं लटक गई थीं।

## बीएस सूडोकू 3273

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 3 | 2 | | | |
| | 1 | | 5 | | | | | |
| | 9 | | | | 8 | 6 | 3 | |
| | | | | 2 | 9 | 8 | | |
| 9 | 4 | | | | | | 2 | 6 |
| | | 3 | 7 | 1 | | | | |
| | 7 | 4 | 3 | | | | 9 | |
| | | | | | 1 | | 6 | |
| | | | 2 | 7 | | | | |

## परिणाम संख्या 3272

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 1 | 4 | 6 | 5 | 8 | 3 | 7 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 8 | 7 | 6 | 9 | 1 |
| 8 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 | 2 | 4 | 5 |
| 5 | 7 | 8 | 9 | 3 | 6 | 4 | 1 | 2 |
| 6 | 2 | 4 | 5 | 7 | 1 | 3 | 8 | 9 |
| 1 | 3 | 9 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 6 |
| 7 | 4 | 2 | 3 | 5 | 9 | 1 | 6 | 8 |
| 9 | 1 | 6 | 7 | 4 | 8 | 5 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 1 | 2 | 9 | 7 | 4 |

**कैसे खेलें?**
हर रो, कॉलम और 3 बाई 3 के बॉक्स में एक से लेकर नौ तक की संख्या भरें।

**मध्यम** ★★★☆☆

# क्षेत्रीय मंडियों के भाव

उत्तर प्रदेश | राजस्थान | पंजाब

बंद भाव रुपये प्रति क्विंटल

**कानपुर**
गेहूं लूज 1900/1905, जौ 1840/1850, चावल मसूरी 2275/2325, चावल मोटा 2150/2175, सरसों 3800/3840, तिल सफेद 13500/13700, सोया (टीन) 1250/1340, तेल सरसों कच्ची घानी वैट पेड (टीन)1400/1500,

**लखनऊ**
गेहूं दड़ा 1920/1925, गेहूं शरबती 2450/2500, चावल शरबती सेला 3900/4000, स्टीम 4900/5000, लालमती 3400/3500, चावल (सोना) 2900/2950

**चंदौसी**
(प्रति किलो): मैन्था ऑयल 1960, बोल्ड क्रिस्टल (12 नं.) 2350, फ्लैक 2220, डीएमओ 1055, टरपीन लैस बोल्ड 2400

**मुजफ्फरनगर**
गुड़ (40 किलो): चाकू 975/1085, खुरपा 960/980, लड्डू 1100/1155, रसकट 900, शक्कर 1200/1225, चीनी मिल डिली. (क्विं.) (जीएसटी अतिरिक्त): खतौली 3350, देवबंद 3200,

**हापुड़**
गुड़-चीनी: चीनी हाजिर 3500/3550, गुड़ (प्रति 40 किलो) बाल्टी 950/985, तिलहन: सरसों (42 प्रतिशत कंडी.) 4150, खल: सरसों 2050/2150,

**जयपुर**
अनाज: चावल डीबी 6700/6800, गेहूं (मिल) 1920/1925, मक्की 1475/1500, जौ 1325, ग्वार लूज 4350/4400, ज्वार कैटलफीड 1300/1325, ज्वार बेस्ट क्वालिटी 1900/2000, तेल-तिलहन: सरसों (मिल पहुंच) 4270,

**श्रीगंगानगर**
गेहूं (ढेरी) 1900/1950, ग्वार 4500/4525, जौ 1810, सरसों लूज 3825/3850

**जोधपुर**
गेहूं 1940/1950, जौ 1500/1600, पोपकोन मक्की 4400/4500, ग्वार डिलीवरी (ऑलपेड) 4650/4700, ग्वारगम 10100/10200, बाजरा (गुजरात) 1550/1600, बाजरा (जयपुर) 1500/1550, चना 4000/4100,

**खन्ना**
जीएसटी अतिरिक्त (प्रति क्विं.): राइसब्रान (खाद्य)(प्रति प्वाइंट)118, राइसब्रान (अखाद्य) 117, खल सरसों 1975, डीओसी: राइसब्रान बैच कंटीन्यूअस 1060, सरसों (टन) 17600,

**लुधियाना**
दाल-दलहन: राजमां चित्रा 8400/8800, अरहर दाल 5500/6000, उड़द साबुत 5000/5800, उड़द धोया 5800/7000, छिलका 5900/6500, दाल मसूर 4500/5000, चनादाल 5000/5100, काबली चना 5700/6900, सेला 6900/7000,

**अमृतसर**
चावल: बासमती (1121 नं.) स्टीम 8150/8200, सेला 7050/7150, शरबती साधारण सेला 4100/4200, शरबती स्टीम 5200/5300, धान: शरबती 2450/2550, बासमती 1121 धान 3800/3900, धान (1509) 3150/3200, पीआर-11-2450/2500, गुड़ (क्विं): लड्डू मंगलौर 3800, देशी पंजाब 3900/4000,

**बठिंडा**
रुई (प्रति मन): जे-34 पंजाब नई 4550/4590, हरियाणा 4590/4640, राजस्थान 4550/4600, खल (प्रति क्विं.): बिनौला 2200/2300, सरसों खल 2050,

**फाजिल्का**
गेहूं 1920/1925, सरसों 3825/3850, रुई (प्रति मन): (जे-34) 4550/4600, कपास देशी 4050/4100, कपास नरमा (क्विं.) 5200/5300, बिनौला (टैक्सपेड): खल 2200/2350,

**जालंधर**
गेहूं दड़ा 1950/1960, चावल परमल कच्चा 2500/2550, सेला 2425/2475, मक्की 1600/1610, दाल उड़द छिलका 7100/8000, चना देशी 4950/5050, दाल चना 5200/5300, काबली चना 5400/7000,

**करनाल**
गेहूं दड़ा 1940/1950, बासमती चावल 8100/8200, धान 1121 नं. 3800/3850, पूसा 1509 धान 3100/3200, शरबती धान 2450/2500, सेला (1509 नं.) चावल 6050/6100, स्टीम 8000/8100,

**हिसार**
ग्वार नया 4350/4400, जौ 1500/1510, सरसों 3800/3850, गेहूं 1900/1910, नरमा कपास 5250/5350

**जींद**
जीएसटी अतिरिक्त: गेहूं 1900/1925, आटा (प्रति 44 किलो) 930/950, मैदा 1040/1060, देशी घी (एक ली/जार) 310/375, देशी घी (टीन/15 किलो) 4500/5500, खल बिनौला 2550/2650,

**भिवानी**
जीएसटी अतिरिक्त: सरसों 3900/3950, खल बिनौला मोटी 2100/2200, बिनौला 2300/2600, सरसों तेल 8400/8450, गेहूं 1750/1800, *एनएनएस*